भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2472
उत्तर देने की तारीख 15.12.2025

पारंपरिक लोक कलाओं को बढ़ावा देना

2472. डॉ. राजकुमार सांगवान :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा देश में सभी प्रकार की पारंपरिक लोक कलाओं (अनुसूचित जातियों/जनजातियों/पिछड़े वर्गों सहित) को बढ़ावा देने के लिए किए गए/किए जा रहे प्रयासों का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या इस उद्देश्य के लिए उत्तर प्रदेश में इन कलाओं का एक महोत्सव आयोजित किया जा रहा है;
(ग) यदि हां, तो गत पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान बागपत लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले के लिए आबंटित और उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार का आने वाले वर्षों में बागपत जिले सहित उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों में इन कलाओं के त्योहारों का आयोजन करने का विचार है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): भारत सरकार ने देश भर में पारंपरिक लोक कलाओं (अनुसूचित जाति/जनजाति/पिछड़े वर्गों की लोक कलाओं सहित) के विभिन्न रूपों के संरक्षण, संवर्धन और परिरक्षण के लिए सात क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र (जेडसीसी) स्थापित किए हैं, जिनके मुख्यालय पटियाला, नागपुर, उदयपुर, प्रयागराज, कोलकाता, दीमापुर और तंजावुर में स्थित हैं। ये जेडसीसी अपने सदस्य राज्यों में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यकलापों और कार्यक्रमों का नियमित आधार पर आयोजन करते हैं।

(ख) और (ग): संस्कृति मंत्रालय के नियंत्रणाधीन स्वायत्त संगठन, उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (एनसीजेडसीसी) प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) में स्थित है, जो उत्तर प्रदेश राज्य सहित अपने सदस्य राज्यों में इन कलाओं से संबंधित विभिन्न सांस्कृतिक महोत्सवों/कार्यक्रमों का नियमित आधार पर आयोजन करता है। कुछ प्रमुख कार्यक्रमों में काशी तमिल संगमम, महा कुंभ-2025 के दौरान स्थापित कलाग्राम, राष्ट्रीय शिल्प मेला, चलो मन गंगा तीर आदि शामिल हैं। इस प्रयोजन हेतु राज्य/जिला/निर्वाचन क्षेत्र-वार कोई भी धनराशि आवंटित नहीं की जाती है। तथापि, विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान एनसीजेडसीसी, प्रयागराज को जारी किया गया सहायता अनुदान निम्नानुसार है:

क्र. सं.	**वर्ष**	**जारी की गई धनराशि (लाख रुपए में)**
i.	2020-21	448.04
ii.	2021-22	984.70
iii.	2022-23	301.51
iv.	2023-24	3553.24
v.	2024-25	3227.66
vii.	2025-26 (अब तक)	799.17

(घ) और (ङ): एनसीजेडसीसी उत्तर प्रदेश राज्य सहित अपने सदस्य राज्यों में कार्यक्रम समिति द्वारा अनुमोदित आयोजनों के कार्यक्रम कैलेंडर के अनुसार विभिन्न सांस्कृतिक उत्सवों/कार्यक्रमों का आयोजन करता है।

*****